हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 14 जुलाई 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 22.2 डिग्री

4

पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाएं योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ



खबर संक्षेप

### दिव्यांग प्रमाणीकरण यूडीआईडी शिविर कल

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार दिव्यांगजन प्रमाणीकरण तथा यूडीआईडी शिविर का आयोजन किया जा रहा है यह शिविर 15 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथलगांव में आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में तहसील पथलगांव क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण एवं पूर्व में जारी प्रमाण पत्रों का नवीनीकरण किया जाएगा। शिविर में उपस्थित होने के लिए दिव्यांगजनों को आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार नंबर से जुड़ा हुआ मोबाइल नंबर जिस पर ओटीपी प्राप्त होता हो तथा ऐसा फोटोग्राफ जिसमें दिव्यांगता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हो, जैसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। यदि आधार कार्ड से मोबाइल नंबर जुड़ा हुआ नहीं है तो दिव्यांगजन पहले से ही नजदीकी आधार सेवा केंद्र में जाकर अपना मोबाइल नंबर अपडेट करवा लें।

### सूने मकान में 5 लाख रूपए नगदी व जेवर की चोरी

**अंबिकापुर।** शहर के जवाहर मार्केट स्थित सूने मकान में चोरी का मामला सामने आया है। चोरों ने मकान का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। बड़ी बात यह है कि इस चोरी में घर में काम करने वाला एक युवक भी शामिल था और उसने खुद को बधंक बनाए जाने की झूठी कहानी गढ़ी। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में चार लोगो को हिरासत में लिया है और पूछताछ चल रही है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी किए गए पांच लाख रूपए नगद को भी बरामद किया है। आरोपियों ने नगदी रकम को डाइट के पीछे झाड़ियों में छिपाया था। बताया जा रहा है कि जवाहर मार्केट निवासी सुभाष अग्रवाल परिवार के साथ बाहर गए हुए थे। इस दौरान उन्होंने घर के रखवाली की जिम्मेदारी घर में ही काम करने वाले युवक को दी थी। रविवार को जब परिवार के सदस्य घर लौटे तो उनके होश उड़ गए। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और 5 लाख रूपए नगदी के साथ ही जेवर पार हो गए थे। इस घटना की शिकायत गांधीनगर पुलिस से की गई। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में युवक से पूछताछ की तो उसका बयान संदेहास्पद लगा। युवक के अनुसार बदमाशों ने उसे बंधक बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। हालांकि पुलिस की कड़ाई के बाद युवक ने चोरी की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने फिलहाल चार लोगों को हिरासत में लिया है और उनके पास से पांच लाख रूपए नगदी बरामद किया है। उक्त रकम को आरोपियों ने डाइट के पीछे झाड़ियों में छिपाया था जबकि जेवर चोरी की पुष्टि अब तक नहीं हो पाई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नशीले इंजेक्शन के साथ महिला गिरफ्तार, गई जेल

**अम्बिकापुर।** संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने नशीले इंजेक्शन के साथ महिला को गिरफ्तार किया। टीम ने महिला के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ब्रम्हपारा निवासी आशा पांडेय घर से नशीला इंजेक्शन बिक्री कर रही है। सूचना पर सूचना पर उड़नदस्ता टीम तत्काल आशा पांडे के घर दबिश दी। टीम जब आशा पांडे के घर पहुंची तो आशा पांडे अपने घर के पीछे एक थैला फेंकने का प्रयास की परंतु उसे एक महिला सैनिक द्वारा पकड़ लिया। महिला सैनिक द्वारा उसके हाथ में रखे थैले की जांच की तो थैला में 28 नग नशीला इंजेक्शन मिला। टीम ने नशीला इंजेक्शन को जब्त कर आशा पांडेय को गिरफ्तार कर लिया साथ ही आरोपी आशा पांडेय के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## पुल के दोनों ओर बने बड़े बड़े गड्ढे, राहगीरों को हो रही परेशानी



# मौत का पुल बना नंदन झरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

रायगढ़ मार्ग पर स्थित नंदन झरिया पुल इन दिनों लोगों के लिए सुविधा नहीं, बल्कि मौत का पुल बनता जा रहा है। अंग्रेजों के शासनकाल में बना यह पुराना पुल अब अपनी आखिरी सांसें गिन रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग की अनदेखी के कारण हजारों लोग रोज अपनी जान हथेली पर रखकर इस पुल से गुजरने को मजबूर हैं।

- अंग्रेजों के जमाने का जर्जर पुल दे रहा हादसे को न्योता
- हर सफर बन रहा जानलेवा

पुल के दोनों ओर लगभग 500 मीटर तक सड़क गहरे और विशाल गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। वहीं पुल की सतह भी जगह-जगह उखड़ गई है और बड़े-बड़े गड्ढे किसी भी वक्त भीषण हादसे को न्योता दे रहे हैं। बरसात में इन गड्ढों में पानी भर जाने से खतरा कई गुना बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारियों को लिखित व मौखिक शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। जमीनी स्तर पर अब तक कोई ठोस मरम्मत कार्य नहीं हुआ है। आलम यह है कि विभागीय रिकॉर्ड में सड़क भले ही "दुरुस्त" दिखाई जा रही हो, लेकिन हकीकत में यह सड़क और पुल लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। रोजाना इस मार्ग से स्कूल बसें, एंबुलेंस, यात्री वाहन, मालवाहक ट्रक और सैकड़ों दोपहिया वाहन गुजरते हैं। ऐसे में स्थानीय लोगों का सवाल है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

## चिकित्सा, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी नई पहचान

# 50 एमबीबीएस सीटों के साथ मेडिकल कॉलेज को मिली एनएमसी की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से शासकीय मेडिकल कॉलेज जशपुर-कुनकुरी के संचालन के लिए 50 एमबीबीएस सीटों की औपचारिक अनुमति जारी कर दी है। इसके साथ ही वर्षों से प्रतीक्षित मेडिकल कॉलेज का सपना साकार हो गया है।

मेडिकल कॉलेज की स्थापना से जशपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र में ही चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। वहीं आदिवासी एवं ग्रामीण अंचलों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता तथा आधुनिक चिकित्सा सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर मिल सकेगा। इसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विकासोन्मुखी सोच, सतत प्रयासों और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्ध नेतृत्व का परिणाम माना जा रहा है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय जशपुर के विकास



इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और मेडिकल कॉलेज की यह सौगात आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर सिद्ध होगी। भाजपा नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में लगातार ऐतिहासिक निर्णय लिए जा रहे हैं। जशपुर मेडिकल कॉलेज को मिली यह स्वीकृति केवल एक संस्थान की स्थापना नहीं, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास, बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था और चिकित्सा शिक्षा के नए युग की शुरुआत हैं।

### स्वर्णिम अध्यायः भगत

जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना जशपुर के विकास का स्वर्णिम अध्याय है। इससे जिले के युवाओं को अपने क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा मिलेगी और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व को दूरदर्शी बताया।

### विकास का मॉडलः सिंह

भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर विकास का नया मॉडल बनकर उभर रहा है। मेडिकल कॉलेज की मंजूरी से चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

### मिलेगी राहतः सालिक

जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने कहा कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना से ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के मरीजों को बेहतर इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं जिले में उपलब्ध होने से आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

### मजबूत आधारशिला बनेगाः राय

भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि जशपुर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना लंबे समय से जिले की सबसे बड़ी जनआकांक्षाओं में शामिल थी। मुख्यमंत्री ने अपने गृह जिले के विकास के प्रति जिस प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया है, उसका परिणाम आज पूरे क्षेत्र के सामने है।

### ऐतिहासिक उपलब्धिः जूदेव

पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव ने कहा कि मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति जशपुर के विकास की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे क्षेत्र के प्रतिभाशाली युवाओं को अपने ही जिले में चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा तथा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### आएगा परिवर्तनः साय

पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। मेडिकल कॉलेज की मंजूरी से स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन आएगा तथा गरीब, ग्रामीण और आदिवासी परिवारों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

## टोनही के शक में विधवा महिला की हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**पत्थलगांव।** डुडंगजोर गांव में अंधविश्वास के चलते जेठ ने विधवा महिला की हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, डुडंगजोर निवासी नवीना राठिया (35 वर्ष) अपने घर पर थी। आरोप है कि उसका जेठ सुखसिंग राठिया लंबे समय से अपनी मां, भाई और नाती की अलग-अलग समय पर हुई मौतों के लिए नवीना को जिम्मेदार मानता था और उस पर टोनही होने का आरोप लगाकर अक्सर विवाद करता था। सोमवार सुबह करीब 10 बजे सुखसिंग शराब के नशे में घर पहुंचा और फिर से महिला के साथ विवाद करने लगा। इसी दौरान उसने लाठी से नवीना के सिर के पीछे जोरदार वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से महिला मौके पर ही गिर पड़ी और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपी सुखसिंग राठिया को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया मामला अंधविश्वास और पारिवारिक विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। दोष सिद्ध होने पर आरोपी के खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पत्थलगांव थाना प्रभारी विनीत पांडे ने बताया कि सोमवार को ग्राम डुडंगजोर में एक महिला की हत्या हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर 50 मरीजों का उपचार




**जशपुर।** बाबा भगवान राम ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबा गुरूपद संभव रामजी के निर्देश पर ग्रामीण जनता के सेवार्थ ब्रह्मनिष्ठालय सोगड़ा आश्रम परिसर में विगत माह के भांति एक दिवसीय निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत शुभारंभ सुबह वाड्रफनगर से आए होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. आशुतोष त्रिपाठी ने अघोरेश्वर भगवान रामजी के तैलचित्र पर पूजन एवं आरती कर किया। इस सेवा कार्य में डॉ. त्रिपाठी के साथ सहयोगी जितेंद्र सिह ने भी अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दीं। सुबह से शाम तक अनवरत चले इस चिकित्सा शिविर में सोगड़ा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए कुल 50 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉक्टर द्वारा परामर्श के साथ-साथ सभी जरूरतमंद मरीजों को आश्रम की ओर से निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गईं। शाम को शिविर के शांतिपूर्ण और सफल समापन पर आश्रम प्रबंधन एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा चिकित्सक दल का आभार व्यक्त किया गया। बाबा भगवान राम ट्रस्ट से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता को देखते हुए अब इस निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन अगले माह 16 अगस्त 2026 को किया जाएगा। आगामी शिविर में उपचार अथवा परामर्श के लिए इच्छुक रोगी ब्रह्मनिष्ठालय सोगड़ा आश्रम में सीधे उपस्थित होकर या दूरभाष (टेलीफोन) के माध्यम से अग्रिम जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## तमता में 16 को निकलेगी रथयात्रा स्थानीय कारीगर बना रहे रथ



**जशपुरनगर।** ग्राम पंचायत तमता में आगामी 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। पूरे क्षेत्र में विशेष रूप से प्रसिद्ध इस रथ यात्रा को लेकर मंदिर समिति ने जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। तमता की यह रथ यात्रा अपने अनूठे सांस्कृतिक और धार्मिक रंग के लिए जानी जाती है।

आयोजन के दौरान बाहर से आने वाली विशेष कीर्तन मंडलियों द्वारा मृदंग और मंजीरे की थाप पर भावपूर्ण कीर्तन-भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। इन मंडलियों का पारंपरिक नृत्य और मनमोहक गीत इस पूरी यात्रा का मुख्य आकर्षण होते हैं, जिसका श्रद्धालु जमकर आनंद लेते हैं। भक्तों के भारी हुजूम द्वारा भगवान के रथ को श्रद्धापूर्वक खींचकर मेला परिसर तक लाया जाएगा, जिसके बाद श्रद्धालु बारी-बारी से भगवान जगन्नाथ के दर्शन लाभ लेंगे। 16 जुलाई को होने वाले इस विशाल धार्मिक उत्सव के लिए तमता में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। भगवान के रथ का निर्माण स्थानीय कारीगरों द्वारा पूरी श्रद्धा और पारंपरिक तरीके से किया जा रहा है। मंदिर समिति के सदस्य लगातार काम की निगरानी कर रहे हैं ताकि समय रहते रथ को भव्य रूप दिया जा सके। तमता में आयोजित होने वाली रथ यात्रा पूरे क्षेत्र में बेहद लोकप्रिय है। यही कारण है कि इस उत्सव में बालाझर, पंडरीपानी, खरकट्टा, चंदागढ़, खार ढोडी सहित आस-पास ⏭ शेष पेज 4 पर

## सेंट जेवियर्स स्कूल में बाल परिषद का शपथ ग्रहण



**पत्थलगांव।** सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल में विद्यालय बाल परिषद शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिम्बलेश्वरी मरकाम (पीएसआई पत्थलगांव), विशिष्ट अतिथि जख्रारियस लकड़ा स्कूल प्रबंधक, लाकेश कुमार साहू (एएसआई पत्थलगांव व जयप्रकाश (पीएसआई पत्थलगांव, प्राचार्य सुनील कुमार खलखो गोडफ्रिड एक्का उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपप्राचार्य मनोज मिंज ने की।

सर्वप्रथम अतिथियों को स्कूल म्यूजिक बैंड के विद्यार्थियों द्वारा परेड करते हुए मंच तक लाया गया। उसके पश्चात दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण नृत्य के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वागत की कड़ी में म्यूजिक बैंड के विद्यार्थियों ने सुन्दर और मनमोहक धुन बजाकर तथा पुष्पगुच्छ प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद सुनील कुमार खलखो ने मुख्य अतिथि एवं सभी विषिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन के बाद मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने बाल परिषद के सभी विद्यार्थियों को बैज एवं विद्यालय पट्टा पहनाकर शपथ दिलाई। पूरे विद्यालय के विद्यार्थियों में से 60 विद्यार्थियों ने कैबिनेट सदस्य एवं हाउस कैप्टन के रूप में, 120 विद्यार्थियों ने अनुषासन समिति सदस्य के रूप में और 92 विद्यार्थियों ने क्लास नायक के रूप में आज बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ शपथ ग्रहण किया। मुख्य अतिथि बिम्बलेश्वरी मरकाम ने विद्यार्थियों को अनुशासित रहकर अध्ययन करने का संदेश दिया। लाकेश कुमार साहू ने विद्यार्थियों को यातायात के नियमों से अवगत कराया। जख्रारियस लकड़ा ने कहा कि नेतृत्व से विद्यार्थी अपना व्यक्तित्व निखारें, प्रतिस्पर्धी बने, और सहानुभूतिषील इन्सान बनें। हर शाला नायिका रिया एक्का और शाला नायक आशीष गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### पत्रकारों की बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा

# सामाजिक एवं स्थानीय मुद्दों को लेकर संगठित हुए पत्रकार

**पत्थलगांव।** सामाजिक एवं स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता से प्रकाशन एवं शासन-प्रशासन का उन मुद्दों पर ध्यानाकर्षित करने का उद्देश्य लेकर दिन रविवार की देर शाम स्थानीय विश्राम गृह मे पत्थलगांव के समस्त पत्रकारों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। पत्रकारों की एकता, संगठन की मजबूती, क्षेत्रीय समस्याएं, धार्मिक कार्यो में पत्रकारों का योगदान एवं ज्वलंतशील मुद्दों पर शासन-प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराने के लिए सभी पत्रकारों ने एकजुट होकर संगठन के हित में बातें रखी।

दरअसल लंबे समय से पत्रकारों के बीच आपसी सहमति का अभाव देखने को मिल रहा था, जिसे रविवार की देर शाम की बैठक एवं आपसी विचार विमर्श से दूर कर सभी पत्रकारों को एक मंच पर एकत्रित किया गया। इस मौके



पर वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र सिंह भाटिया ने पत्रकारों की एकता एवं संगठन की मजबूती पर अपने विचार व्यक्त किए। उनका कहना था कि हम सशक्त हैं तो हम समाज एवं सामाजिक मुद्दों को प्रमुखता से उठा सकते हैं। हमें जनसरोकार से जुडी खबरें चलाने के साथ-साथ उन पर शासन-प्रशासन का ध्यानाकर्षित करा जनहित में कार्य कराने की आवश्यकता है। प्रेस क्लब के वरिष्ठ सरंक्षक हरगोविंद अग्रवाल ने पत्रकारों को संगठित रहकर भ्रामक खबरें चलाने वाले प्लेटफार्म के संचालकों से सावधान रहने की बात कही। उनका कहना था कि सोशल मीडिया में बहुत सी बातें अफवाह फैलाई जाती है परंतु एक कलमकार द्वारा लिखी गई अपनी खबरों में वास्तविकता परोसकर जन-जन तक पहुंचाया जाता है। इस बात का सभी पत्रकारों को ध्यान रखने की जरूरत है। प्रेस क्लब के अध्यक्ष विजय त्रिपाठी ने संगठन के कनिष्ठ लोगों से प्रेस जैसे मर्यादित शब्द की मर्यादा में रहकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करने की बातें कही। उन्होंने कहा कि बड़ों का सम्मान हमारे संस्कारों में दिखना चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से रविन्द्र सिंह भाटिया, महावीर अग्रवाल, हरगोविंद अग्रवाल, सुरेन्द्र चेतवानी, राजेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अतुल त्रिपाठी, जितेन्द्र गुप्ता, जितेन्द्र सोनी, बबलू तिवारी, नीरज गुप्ता, शिव प्रताप सिंह, संजय तिवारी, प्रदीप सिंह ठाकुर, निशामुददीन खान, छत्रमोहन यादव, सौरभ त्रिपाठी, अंकित बंसल, आकाश शर्मा, श्याम चैहान, अभिषेक शुक्ला, जितेन्द्र अग्रवाल, हरि जायसवाल, मन्नु महंत, वैभव शर्मा, दिनेश अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

### बाइक की टक्कर से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम रघुनाथनगर निवासी श्याम बिहारी आ. स्व. बसधारी (48 वर्ष) शनिवार की दोपहर खेत जुताई के लिए गांव में ट्रैक्टर ढूंढने जा रहा था। जैसे ही ग्रामीण पुलिया के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को रघुनाथनगर अस्पताल में भर्ती कराया।

## खबर संक्षेप

### मां दुर्गा मंदिर तिलसिंवा का वार्षिक उत्सव 21 को

**सूरजपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष मां दुर्गा मंदिर तिलसिंवा का वार्षिक उत्सव 21 जुलाई से मनाया जाएगा। दुर्गा मंदिर के संरक्षक दीपक अग्रवाल ने



बताया है कि इस वर्ष भी मां दुर्गा मंदिर तिलसिंवा में वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। 21 जुलाई को कलश यात्रा सुबह 9 बजे से, शाम को रुद्राभिषेक, सायंकाल 4 बजे भजन, 22 जुलाई को प्रातः 8 बजे से अखंड रामायण एवं 23 जुलाई प्रातः 8 बजे से हवन पूजन दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारा के साथ संपन्न होगा।

### शासकीय स्कूल व गौठान से टंकी चोरी करने मामले के दो आरोपी पकड़ाए

**बिश्रामपुर।** संपत्ति संबंधी अपराधों पर लगातार की जा रही कार्रवाई के तहत करंजी चौकी पुलिस ने खोपा गांव में हुई चोरी की वारदात का खुलासा



करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गया सिंटेक्स टैंक भी बरामद किया है, जबकि मामले का एक अन्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, खोपा के सरपंच पति पवन सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 8 जुलाई की रात शासकीय माध्यमिक शाला (ऊपरपारा) परिसर से 5 सौ लीटर का एक सिंटेक्स टैंक , वॉश बेसिन तथा गौठान से 2 हजार लीटर क्षमता का एक सिंटेक्स टैंक चोरी कर लिया गया है, चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई गई है। शिकायत में बताया गया कि गांव के आशीष राजवाड़े उर्फ पलपल, लक्ष्मण राजवाड़े और भट्टा राजवाड़े को गौठान से सामान ले जाते हुए देखा गया था। सूचना के आधार पर पुलिस ने पूछताछ की, जिसमें मुख्य आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया,इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के घर से चोरी का सिंटेक्स टैंक बरामद कर लिया। मामले में आशीष राजवाड़े और लक्ष्मण राजवाड़े को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। वहीं तीसरे आरोपी भट्टा राजवाड़े की तलाश अब भी जारी है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी करंजी विशाल मिश्रा और उनकी टीम सक्रिय रही।

### गड्ढे में मुरम डालकर किया गया मरम्मत लोगों ने ली राहत की सांस



**प्रतापपुर।** नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 7 बिजली ऑफिस के पीछे केनापारा में सड़क पर गड्ढे तथा जलभराव होने से वार्ड वासियों को आने-जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। बरसात के इस मौसम सड़क पर जल जमाव होने तथा लोगों को हो रही परेशानी के मद्देनजर आज सीएमओ नगर पंचायत को कहकर जेसीबी से रोड में मुरूम डलवाया गया और वार्डवासियों के चलने लायक बनाया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानती योगेंद्र सिंह, वार्ड पार्षद श्रीमती सीता पैकरा व वार्ड वासी मौजूद थे।

## पौधरोपण नहीं होने से उजाड़ हो गया वनक्षेत्र

# बॉक्साइट खनन की गहरी खाइयां बनी जनजीवन के लिए बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट के विभिन्न क्षेत्रों में बॉक्साइट खनन के बाद छोड़ी गई खाइयां जनजीवन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। बॉक्साइट खनन के बाद सरई के विशाल पेड़ तेजी से सूख रहे हैं जिससे क्षेत्र के प्राकृतिक परिदृश्य बदल गया है तथा सैकड़ों एकड़ भूमि अनुपयोगी हो गई है।

**खास बात**

- गड्ढों में गिरने से हो रही मवेशियों की मौत, डूब चुके हैं कई बच्चे

शासन द्वारा मैनपाट की खनिज संपदा बॉक्साइट का दोहन तेजी से हो रहा है। पूर्व में निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर विभिन्न क्षेत्रों में बॉक्साइट का खनन किया गया है। उद्योगों द्वारा बॉक्साइट का खनन तो किया जा रहा है लेकिन शासन द्वारा निर्धारित शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा है जिसका सीधा प्रभाव क्षेत्र के जनजीवन एवं पर्यावरण पर पड़ रहा है। शासन द्वारा वर्ष 2005-06 में तहसील क्षेत्र के ग्राम सपनादर, कुदारीडीह, बरिमा, नर्मदापुर एवं केसरा में बालको को बॉक्साइट खदाने आवंटित की गई थी। कंपनी ने ठेकेदारों के माध्यम से क्षेत्र की खदानों से वर्षों तक बॉक्साइट का खनन एवं परिवहन कराया। शासन द्वारा कंपनी को बॉक्साइट खदानों का लीज वर्ष 2047 तक दिया गया था लेकिन लगातार विरोध के कारण कंपनी को बीच में ही उत्खनन बंद करना पड़ा। वर्षों तक चले उत्खनन से खदान क्षेत्र में 15-20 फीट गहरे गड्ढे बन गए हैं तो कहीं उत्खनन के लिए किए गए विस्फोट के बाद जगह-जगह मुरूम का पहाड़ खड़ा कर दिया गया है। कंपनी द्वारा बॉक्साइट उत्खनन के बाद बने खतरनाक खाइयों को पाटने की कभी पहल नहीं की गई। हालत यह है कि ग्राम सपनादर, कुदारीडीह, बरिमा, नर्मदापुर एवं केसरा के बड़े इलाके में बनी खतरनाक खाइयां जनजीवन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। इन गड्ढों में 8 महीने तक पानी भरा रहता है जिसमें गिरने से आए दिन पालतू मवेशियों की मौतें होती है। इन खतरनाक गड्ढों में डूबने से कई बच्चों की मौत भी हो चुकी है। नियमानुसार खनन के बाद खतरनाक गड्ढों को पाटना चाहिए ताकि इस भूमि का उपयोग हो सके लेकिन न तो कंपनी ने ही शासन के निर्देश का पालन किया न ही प्रशासन ने ही इस दिशा में कोई पहल की। जनजीवन के लिए खतरा बने इन गड्ढों को पाटने एवं भूमि को उपयोगी बनाना संभव नहीं दिख रहा है।



ग्राम सपनादर स्थित बॉक्साइट खदान का गड्ढा।

### सूख गए सैकड़ों पेड़

बॉक्साइट खनन क्षेत्र कभी प्राकृतिक साल वन का हिस्सा था। खनन के दौरान लगातार विस्फोट करने के कारण साल के कई पेड़ धराशायी हो गए तथा बचे-खुचे पेड़ तेजी से सूखने लगे। अब खदान क्षेत्र पेड़-पौधा विहीन हो गया है। क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि बॉक्साइट उत्खनन के बाद क्षेत्र के तापमान में वृद्धि हुई तथा पानी का स्तर काफी नीचे चला गया है। बॉक्साइट उत्खनन के पूर्व 60-70 फीट गहरा ट्यूबवेल खनन कराने पर पानी उपलब्ध हो जाता था जबकि अब 350 फीट गहराई तक ट्यूबवेल खनन कराना पड़ रहा है। ग्राम सपनादर के पंच महेश कुमार यादव ने बताया कि पूर्व में गांव के किसी भी घर में पंखे का उपयोग नहीं होता था। अब गर्मी बढ़ने के कारण बिना कूलर के रहना मुश्किल है यही हाल बॉक्साइट खनन क्षेत्र के हर गांव का है।

### हरियाली के नाम पर खानापूर्ति

शासन द्वारा बॉक्साइट उत्खनन क्षेत्र में भूमि को समतल कर पौधरोपण कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रारंभ में कंपनी द्वारा आरकेशिया प्रजाति की नर्सरी तैयार कर कुछ स्थानों पर पौधरोपण करने की खानापूर्ति की गई थी लेकिन देखरेख के अभाव में कुछ दिनों बाद ही सारे पौधे सूख गए। दोबारा पौधरोपण की पहली नहीं की गई। अब बॉक्साइट खनन क्षेत्र पूरी तरह से उजाड़ हो गया है। साल वृक्षों के सूख जाने के कारण क्षेत्र में प्राकृतिक रूप से जंगल विकसित होने की भी संभावना नहीं है।

### बदली है परिस्थितियां

बॉक्साइट खदानों के गड्ढों से हमेशा दुर्घटनाएं होने का खतरा बना रहता है पूर्व में कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। बॉक्साइट खनन के बाद क्षेत्र का जलस्तर भी नीचे चला गया है। अन्य परिस्थितियां भी बदली है।

-श्रीमती बनियासो मांझी
सरपंच, सपनादर



# महिला ने घर के कमरे में लगाई फांसी, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपाट

महिला ने घर के कमरे में फांसी लगा लिया। परिजन महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नर्मदापुर लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। इधर मायके पक्ष के लोगों ने महिला की हत्या कर फांसी में लटकाने का आरोप लगाया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य में लाश का पीएम नहीं हो सका और पुलिस ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल पीएम कराया।

- मायके पक्ष के लोगों ने हत्या कर फांसी में लटकाने लगाया आरोप

जानकारी के अनुसार कमलेश्वरपुर थाना अंतर्गत ग्राम कुनिया निवासी मिनी यादव उर्फ पूजा पति अनोज यादव (25 वर्ष) बीती रात घर के कमरे में रस्सी के सहारे फांसी लगा लिया। घटना को देख परिजन तत्काल फांसी से उतार महिला को नर्मदापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतिका के ससुर गोवर्धन यादव ने पुलिस को बताया कि बीती रात लगभग 8 बजे मिनी अपने कमरे में फांसी लगा लिया। वह किस कारण फांसी लगाई इसकी जानकारी नहीं है। इधर मृतिका के पिता संजय यादव ने आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया कि बेटी मिनी यादव की शादी तीन साल पहले गांव के ही अनोज यादव के साथ रीति रिवाज के साथ किया। शादी के बाद से ही पति अनोज यादव, सास व छोटी ननद किसी न किसी बात को लेकर मिनी को प्रताड़ित करते थे। यह बात पूर्व में भी मिनी यादव ने परिवार वालों को बताई थी। मायके पक्ष के लोगो का कहना है कि बीती रात घटना हुई लेकिन उन्हें सूचना तक नहीं दिया गया जबकि अंबिकापुर, राजपुर के रिश्तेदारों को घटना की सूचना दिया गया। मायके पक्ष के लोगों ने आरोप लगाया है कि मिनी की हत्या कर फांसी का रूप दिया गया है। इधर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मृतिका के मायके व ससुराल पक्ष के लोगों के बीच मारपीट की स्थिति निर्मित हो गई। स्थिति तनावपूर्ण हो जाने पर फॉरेंसिक टीम बुलाया गया। टीम ने पहले लाश का निरीक्षण किया फिर घटना स्थल का। अस्पताल में तनाव की स्थिति बन जाने पर पुलिस ने लाश को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया जहां पीएम पश्चात लाश को परिजन के सुपुर्द कर दिया। मामले में पुलिस द्वारा हर पहलू से जांच शुरू कर दी है।

### सेवा सप्ताह के तहत विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने किया पौधरोपण

बिश्रामपुर। विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत रविवार को बिश्रामपुर प्रखंड में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान श्री राम टॉवर स्थित धर्म ध्वज के समीप श्री राम भक्त हनुमान मंदिर परिसर में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि पौधरोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी है।

# आग से जली महिला के शरीर में इंफेक्शन होने से गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आग से जली महिला के शरीर में इंफेक्शन होने से उसकी मौत हो गई। लगभग डेढ़ साल पहले पत्नी को उठाकर जलते पुआल पर फेंक दिया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

- जलते पुआल में पत्नी को उठाकर फेंका था पति

जानकारी के अनुसार खैरबार खुदीपारा निवासी राजमनि उर्फ रिझीमनि पति गुलाब राम नगेसिया (30 वर्ष) 2 दिसंबर 2025 को घर में थी तभी पति गुलाब मुर्गा लेकर घर आया था। मुर्गा को देख पत्नी घर में बनाने तथा परिवार के सदस्यों के खाने की बात कही तो पति ने अपने दोस्तों के साथ बनाकर खाने की बात कही। पत्नी ने जब मना किया तो पति न सिर्फ नाराज हुआ बल्कि पत्नी के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी और पत्नी को उठाकर खेत के समीप जल रहे पुआल में फेंक दिया जिससे महिला गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। कई दिनों तक चले उपचार के बाद जब 18 दिसंबर को महिला ठीक हुई तो धटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया। इधर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई के बाद महिला को उसके पिता लुंड्रा अंतर्गत ग्राम करदोनी निवासी हीरालाल अपने घर ले गया। दो माह पूर्व ही महिला ससुराल खुदीपारा आई थी। इसी बीच शरीर में जले स्थान में इंफेक्शन हो गया जिससे बीती रात महिला की घर में मौत हो गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### ग्राम राई में आंधी-तूफ़ान से क्षतिग्रस्त हुए मकानों के प्रभावित परिवारों को नहीं मिली मुआवजा राशि

**बिश्रामपुर।** भटगांव तहसील क्षेत्र में वर्ष 2025 में आई भारी बारिश और आंधी-तूफान से क्षतिग्रस्त हुए मकानों के प्रभावित परिवार आज भी सरकारी राहत का इंतजार कर रहे हैं। घटना को लगभग एक वर्ष बीतने के बावजूद ग्राम पंचायत राई के 11 प्रभावित परिवारों को अब तक मुआवजा राशि नहीं मिल सकी है। इससे पीड़ित परिवारों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

- राहत के लिए एक साल से भटक रहे ग्रामीण

जानकारी के अनुसार, जुलाई 2025 में तेज बारिश और आंधी के कारण कई मकानों के खपरैल, सीमेंट शीट और टीन शेड उड़ गए थे, जबकि कई कच्चे मकान पूरी तरह या आंशिक रूप से ढह गए थे। प्रभावित परिवारों ने नियमानुसार पटवारी के माध्यम से सभी आवश्यक दस्तावेज जमा किए थे। स्थानीय स्तर पर सर्वे कर नुकसान का आकलन भी किया गया और प्रतिवेदन भटगांव तहसील के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भैयाथान कार्यालय भेजा गया। इसके बावजूद अब तक राहत राशि स्वीकृत नहीं हो सकी है। ग्राम राई के संजय जायसवाल, रामानंद पैकरा, सहाल पैकरा, रिझवार, जागीर साय, छब्बीस कुमार, पटवारी यादव, बुधराम पैकरा, पारस देवांगन, अतवारू पैकरा तथा श्यामबाई ने बारिश और आंधी-तूफान से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति राशि दिलाने की मांग की



है।प्रभावितों के अनुसार सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बावजूद उन्हें अब तक कोई आर्थिक सहायता प्रदान नहीं की गई है।वहीं गांव के कोटवार उत्तम पाल देवांगन और रामकरण यादव का आरोप है कि उन्होंने भी पटवारी के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज जमा किए थे, लेकिन उनका प्रकरण तहसील में जमा नहीं होने के कारण सूची में नाम शामिल नहीं हो सका जिससे वे भी मुआवजे से वंचित हो गये हैं। क्षेत्र की जनपद सदस्य फुलकेली मरकाम ने मामले की निष्पक्ष जांच कर लापरवाह अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि सभी पात्र प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत राशि उपलब्ध कराई जानी चाहिए। पीड़ित परिवारों का कहना है कि प्राकृतिक आपदा के बाद राहत राशि समय पर मिलनी चाहिए थी, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण उन्हें एक वर्ष बाद भी सहायता के लिए भटकना पड़ रहा है।

# अटल चौक में एक हफ्ते से बिजली गुल खेतों में जल संकट गहराया

**बिश्रामपुर।** रामनगर के अटल चौक में पिछले एक सप्ताह से बिजली आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जर्जर विद्युत तार जल जाने के कारण पूरे इलाके में अंधेरा पसरा हुआ है। खेतों में सिंचाई रुक गई है, पेयजल व्यवस्था चरमरा गई है और सैकड़ों ग्रामीण रोजमर्रा की मूलभूत



सुविधाओं के लिए परेशान हैं। लगातार एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद बिजली आपूर्ति बहाल नहीं होने से ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिस विद्युत लाइन से अटल चौक और आसपास के मोहल्लों में बिजली पहुंचती है, उसके तार लंबे समय से जर्जर और सड़-गल चुके थे। कई बार अधिकारियों को इसकी जानकारी देने के बावजूद समय रहते जर्जर तार को विभागीय अधिकारीयों ने नहीं बदलवाया, आखिरकार तार जल गया और पूरा इलाका अंधेरे में डूब गया। बरसात के मौसम में बिजली गुल रहने से किसानों की चिंता और बढ़ गई है।

LAKHMI CHAND INSTITUTE OF TECHNOLOGY
LCIT
Near High Court, Raipur Road, Bodri, Bilaspur (C.G.)
Affiliated to CSVTU & Approved by AICTE
THINK EDUCATION THINK LCIT
Affiliated to | Approved by | Members of
Best College in the Region
LCIT Group of Institutions
Scan For A Brighter Future
ADMISSIONS OPEN 2026-27
ONLINE COUNSELLING PHASE – I

| Courses | Registration | Allotment | Admission |
|---|---|---|---|
| B.Tech Lateral<br>M.Tech<br>MCA<br>MBA | 14th July 2026 to 17th July 2026 | 21st July 2026 | 22th July 2026 to 24th July 2026 |

Courses Offered
B.Tech: • CSE • Civil • Mechanical • Electrical • ET&T • AI ML
M.Tech: • CSE • Civil (Environment)
MBA: • Human Resource • Marketing • Finance • System • Production & Operations
NEW COURSE — APPROVED — MCA Master of Computer Application
PLACEMENT HIGHLIGHTS
265+ Placements During 2024-2026 | ₹3.5 LPA Minimum Package | ₹5 LPA Average Package | 200+ Total Recruiters
OUR TOP RECRUITERS
TCS, AMNEX, OMNEXIA, AXIS BANK, ICICI Bank, FORBES MARSHALL, Dave AI, adani CEMENT, & Many More
BEST PLACEMENTS
₹13.90 LPA | ₹13 LPA | ₹10 LPA | ₹10 LPA | ₹5.5 LPA
CAMPUS LIFE
RASS GARBA | MH 43 INDIA BAND | EXCURSION TRIPS | INDUSTRIAL VISIT
TRANSPORT FACILITY | COMPUTER LABS | EXPERT FACULTY | PLACEMENT ASSISTANCE | HOSTEL BOYS & GIRLS | AC Labs | Wi-Fi Campus | Digital Classrooms
+91 96850 91333, +91 95222 20113

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध



# हनुमान अंश के टीजर में नीम करोली बाबा की कहानी

**नई दिल्ली।** श्री नीम करोली बाबा की कहानी पर आधारित फिल्म 'हनुमान अंश' 31 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। इस फिल्म का मकसद आस्था, विनम्रता और सेवा की भावना के सफर को पर्दे पर उतारना है। विशाल चतुर्वेदी की लिखित और निर्देशित इस फिल्म में शोभिना डब्ल्यू. सत्या, विहान एस. हेगड़े, चंदन आनंद, पूर्णिमा तिवारी, अनिल के. रस्तोगी और गुलशन पांडे लीड रोल्स में हैं। इसे रागिनी एस., नम्रता जी. सिंह, अनुप्रिया ए. नागर और विशाल चतुर्वेदी ने प्रोड्यूस किया है। रिलीज से पहले, मेकर्स ने फिल्म का टीजर भी जारी कर दिया है। फिल्म 'हनुमान अंश' आस्था, विनम्रता और असीम प्रेम की यात्रा पर आधारित है। इस फिल्म का मकसद उस संत की कहानी को सामने लाना है।

लाइफ Style


# दिशा

## ऑस्कर विजेता निर्देशक की फिल्म का बनीं हिस्सा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण और तब्बू जैसी अदाकाराओं के बाद अब दिशा पाटनी ने भी हॉलीवुड में कदम बढ़ा दिए हैं। वे ऑस्कर विजेता निर्देशक केविन स्पेसी की सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म 'हॉलीगाड्र्स सागा- द पोर्टल ऑफ फोर्स' में नजर आएंगी।

इस फिल्म के जरिए वे इंटरनेशनल स्तर पर अपनी पहचान बनाने को तैयार हैं। हाल ही में दिशा ने स्पेसी के साथ शूटिंग के अनुभव साझा किए। फिल्म 'हॉलीगाड्र्स सागा' में दिशा के साथ डॉल्फ लुंडग्रेन, टायरेस गिब्सन, ब्रायना हिल्डेब्रांड और एरिक रॉबर्ट्स जैसे बड़े ग्लोबल स्टार्स अहम भूमिकाओं में हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में दिशा ने हॉलीवुड में सफल होने के लिए जरूरी चीजों के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक्टर्स सिर्फ भारत में बैठकर इंटरनेशनल ऑडिशन, टैलेंट रिप्रेजेंटेशन और वीजा से जुड़ी मुश्किल प्रक्रियाओं को समझे बिना ग्लोबल रोल पाने की उम्मीद नहीं कर सकते। दिशा पाटनी ने कहा, 'वे (केविन स्पेसी) कमाल के हैं। एक एक्टर होने के नाते, वे अपने एक्टर्स को समझते हैं। एक्सपेरिमेंट करने के लिए काफी आजादी देते हैं। वे हमसे कहते थे कि हम अपने अनुभवों का इस्तेमाल करें। वह हमें ऐसे सवाल सोचने के लिए प्रोत्साहित करते थे, जैसे- 'आप ऐसी स्थिति में कैसा रिएक्ट करेंगे?' 'क्या आप रोएंगे?' 'आप कैसा महसूस करेंगे?' 'आप अपनी भावनाएं कैसे जाहिर करेंगे?' हर सुबह, वे हमारे साथ बैठते थे और हमें सीन समझाते थे। मुझे यह बात बहुत खास लगी।



हॉलीवुड मसाला



## द ओडिसी के प्रीमियर से पहले लिया ब्रेक

**मुंबई।** हॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेता टॉम हॉलैंड की फिल्म 'द ओडिसी' जल्द ही भारत में रिलीज होने वाली है। इसके प्रीमियर के लिए अभिनेता टॉम हॉलैंड, मैट डेमन और निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन भारत आए हैं। ये सभी लोग फिल्म के प्रीमियर के लिए जा रहे थे। इससे पहले एक होटल में चाय के लिए रुके। सोशल मीडिया पर उनका यह वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि टॉम हॉलैंड, मैट डेमन और क्रिस्टोफर नोलन अपनी गाड़ी से उतरे और एक कॉफी हाउस में पहुंचे। होटल के कर्मचारियों ने उन्हें चाय परोसी और इसके साथ बन भी दिया।



## फिर साथ रहने लगे विल और पत्नी जेडा?

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर विल स्मिथ और पत्नी जेडा पिंकेट की शादी को लगभग 29 साल हो चुके हैं। 57 वर्षीय विल स्मिथ और 54 वर्षीय जेडा की शादी 1997 में हुई थी। 2023 में जेडा स्मिथ ने खुलासा किया कि वह और विल स्मिथ 2016 से अलग रह रहे थे। हालांकि उन्होंने कभी तलाक के लिए अर्जी नहीं दी। विल स्मिथ और उनकी पत्नी जेडा पिंकेट पिछले दो साल से फिर से एक ही घर में रह रहे हैं। जबकि पहले वे अलग-अलग घरों में रहते थे। एक सूत्र ने पीपल्स मैगजीन को बताया कि जेडा पिंकेट और विल स्मिथ साथ रहकर खुशहाल जिंदगी जी रहे हैं। वह खुश हैं, एक-दूसरे से प्यार करते हैं।'बीते दिनों भी इस कपल को पेरिस फैशन वीक के दौरान साथ देखा गया। वह अपने बेटे जेडन स्मिथ को सपोर्ट करने पहुंचे थे।



## बेटी को ट्रोल करने वालों पर आगबबूला

**मुंबई।** अभिनेत्री और पॉलिटिशियन खुशबू सुंदर ने अपनी बेटियों, अवंतिका और आनंदिता का बचाव करते हुए ट्रोल्स को करारा जवाब दिया है। हाल ही में, बेटी की शादी के बाद लुक को लेकर खुशबू की बेटी को ऑनलाइन ट्रोल किया गया था। खुशबू सुंदर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा करके इसकी आलोचना की है और साफ कहा है कि परिवार पर निशाना साधने पर वे चुप नहीं रहेंगी। खुशबू सुंदर ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि उनकी चुप्पी को कभी भी सहमति नहीं समझा जाना चाहिए। ट्रोल करने वालों को जवाब देते हुए उन्होंने अपने परिवार के सफर का जिक्र किया और कहा कि यह वर्षों की कड़ी मेहनत, त्याग और लगन से बना है।



## आंख पर बैठी मक्खी भी नहीं हटाई...

**नई दिल्ली।** सनी देओल और अक्षय खन्ना अभिनीत फिल्म 'इक्का' में तिलोत्तमा शोम ने पहली बार वकील की भूमिका निभाई है। एक बातचीत में उन्होंने शूटिंग के दौरान का एक ऐसा किस्सा साझा किया। तिलोत्तमा कहती हैं, 'यह घटना शायद मैं कभी नहीं भूल पाऊंगी। हम एक सीन की शूटिंग कर रहे थे। पहले सनी सर का हिस्सा शूट हुआ। फिर कैमरा मेरी तरफ आ गया। सनी सर बिल्कुल मेरे सामने खड़े थे और मैं अपना लंबा संवाद बोल रही थी। इसी दौरान कई मक्खियां उनके चेहरे के आसपास मंडराने लगीं। फिर एक मक्खी उनकी आंख के बिल्कुल किनारे जाकर बैठ गई। मैं मन ही मन सोच रही थी कि अब तो शूटिंग जरूर रोक दी जाएगी, क्योंकि ऐसी स्थिति किसी के लिए भी असहज हो सकती है। लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

टीवी मसाला



## जोक्स जिन्हें सुनाने के बाद स्टेज के पीछे जाकर रोते हैं कॉमेडियन

**नई दिल्ली।** लंबे वक्त से कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के शो से जुड़े आर्टिस्ट राजीव ठाकुर का शुरुआती दौर काफी मुश्किल रहा है। राजीव खुद एक इंटरव्यू में यह बता चुके हैं कि उनका बचपन बहुत गरीबी में बीता था और उन दिनों ने उनके जीवन पर बहुत प्रभाव डाला। राजीव ने बताया कि वह कई बार अपने उन दिनों के अनुभवों को अपने जोक्स में डालने की कोशिश करते हैं, लेकिन फिर वह खुद ही भावुक हो जाते हैं। भले ही वह उन तजुर्बों की मदद से लोगों को हंसा देते हैं, लेकिन फिर वह खुद ही भावुक हो जाते हैं, और पर्दे के पीछे जाकर रोते हैं। एक बातचीत में राजीव ने बताया कि उन्हें अपने बचपन के बारे में याद करके बहुत तकलीफ होती है। राजीव ने कहा, 'मेरी जर्नी उन हालातों में शुरू हुई थी, जिन्हें मैं याद भी नहीं करना चाहता हूं। अगर मैं आज लोगों को इसके बारे में बताऊं, तो यह आपको किसी काल्पनिक कहानी जैसा लग सकता है। क्योंकि कोई ऐसा नहीं है जो इसकी पुष्टि कर सके।' राजीव ने बताया कि क्यों वह अक्सर अपने बचपन और करियर के शुरुआती दिनों को अपनी कॉमेडी में उतारने से बचते हैं। राजीव ठाकुर ने कहा, 'लोग मुझसे अक्सर कहते हैं कि आपको अपने दर्द को स्टैंडअप कॉमेडी में बदल देना चाहिए। मैं कभी-कभी ऐसा करता भी हूं, लेकिन उन जोक्स को सुनाते वक्त मेरा दर्द इतना रियल होता है कि मैं स्टेज के पीछे जाकर रोने लगता हूं। यही वजह है कि मैं अपनी जिंदगी के उस दौर के बारे में बहुत कम बात करता हूं।'

## 'कोई दूध का धुला नहीं होगा'

**नई दिल्ली।** अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा रियलिटी शो 'लॉक अप- सच या सजा' से बाहर हो गई हैं। बीते दिन शनिवार को 'जजमेंट डे' एपिसोड में गोविंदा और उनकी बेटी टीना आहूजा उन्हें शो से बाहर ले जाने के लिए आए थे।



शो के दौरान, सुनीता ने कई बार शादी में धोखा देने का जिक्र किया था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गोविंदा के कई वर्षों तक कई अफेयर रहे हैं। इसके बावजूद, उन्होंने कहा कि वह कभी भी उन्हें छोड़कर नहीं जाएंगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि तमाम मुश्किलों के बावजूद शादी में उनका भरोसा और प्यार अटूट बना हुआ है। सुनीता आहूजा ने 'लॉक अप 2' से निकलने के बाद बातचीत में शादी में धोखे के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'भरोसा बहुत बड़ी चीज है। मुझे नहीं लगता कि फिल्म इंडस्ट्री का कोई भी हीरो दूध का धुला होगा। हमसे ज्यादा तो वो लोग हीरोइनों के साथ टाइम बिताते हैं। तो ये आपके प्यार पर निर्भर करता है कि आप कैसे लेते हो'।

## किशोर कुमार ने मांगी थी मोटी फीस तो बेटे से गंवाया 'पर्दा है पर्दा' गाना...

**नई दिल्ली।** 1977 में मनमोहन देसाई की चार बड़ी फिल्में रिलीज हुई थीं। उनमें से एक थी 'अमर अकबर एंथनी'। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, विनोद खन्ना और ऋषि कपूर लीड रोल में थे। फिल्म की कहानी तीन ऐसे भाइयों की होती है जिन्हें उनका पिता एक पार्क में छोड़ आता है। बाद में तीनों भाइयों का अलग धर्मों में पालन पोषण होता है। इस फिल्म की कहानी को ऑडियंस ने खूब पसंद किया था। लेकिन, इसके गानों की अपनी एक अलग जगह रही। इस फिल्म ने उस साल के सबसे बेहतरीन गाने दिए। भक्ति गीत हो या कव्वाली, इस फिल्म का अहम हिस्सा रहे।

### अमर अकबर एंथनी का म्यूजिक

फिल्म अमर अकबर एंथनी का म्यूजिक उस समय की सबसे हिट जोड़ी लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी ने तैयार किया था। फिल्म में कुल कुल 7 गाने थे। शिरड़ी वाले साई बाबा, तैय्यब अली प्यार के दुश्मन हाय हाय, टाइटल सॉन्ग अमर अकबर एंथनी, हमको तुमसे हो गया है प्यार क्या करें जैसे गाने शामिल थे। लेकिन, जिस गाने को सबसे ज्यादा पॉपुलैरिटी मिली वो था ऋषि कपूर पर फिल्माया 'पर्दा है पर्दा' था। फिल्म के इस कव्वाली गाने को मोहम्मद रफी ने अपनी आवाज से सजाया था और इसके गीत लिखे थे आनंद बक्शी ने। ये गाना उस साल का नंबर



2 पर था जिसे दुनियाभर में खूब सुना गया। गाने में ऋषि कपूर की एक्टिंग और एक्सप्रेशन आज भी हिट है। लेकिन, कम ही लोग जानते हैं कि इस गाने की एक लाइन गाने के लिए पहले किशोर कुमार से बात की गई थी। लेकिन, वो सिर्फ एक लाइन के लिए इस गाने का हिस्सा नहीं बनना चाहते थे।

### आज भी पसंद किया जाता है यह गाना

किशोर कुमार ने फिल्म के गाने 'पर्दा है पर्दा'में एक लाइन गाने के लिए मोटी फीस की मांग कर दी। ऐसे में म्यूजिक डायरेक्टर की जोड़ी निराश हो गई। बाद में ये लाइन किशोर कुमार के बेटे अमित कुमार ने कम पैसों में गाकर पूरी की। ये गाना आज भी उतना ही पसंद किया जाता था जितना करीब 39 साल पहले था।

### अमिताभ ने जीता था पहला बेस्ट एक्टर अवॉर्ड

फिल्म अमर अकबर एंथनी की कहानी डायरेक्टर मनमोहन देसाई ने एक न्यूज पेपर में पढ़ी थी। खबर में था कि एक पिता तंगहाली से परेशान हो कर अपने बच्चों को पार में छोड़ गया। इस पर उनकी पत्नी और लेखक ने फिल्म की स्क्रिप्ट लिख डाली। फिल्म 1975 में लगी इमरजेंसी की वजह से करीब दो साल बाद 1977 में रिलीज हुई। उस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी। इसी फिल्म के लिए अमिताभ बच्चन ने अपना पहला बेस्ट एक्टर फिल्मफेयर अवॉर्ड जीता था।

## सैन डिएगो कॉमिक-कॉन में दिखाया जाएगा रामायण का फर्स्ट लुक...

**नई दिल्ली।** नितेश तिवारी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' का फर्स्ट लुक सैन डिएगो कॉमिक कॉन में दिखाया जाएगा। 23 जुलाई को वहां फर्स्ट लुक रिवील होगा। सैन डिएगो कॉमिक-कॉन दुनिया का सबसे बड़ा वार्षिक पॉप-संस्कृति और कॉमिक बुक सम्मेलन है। इसकी शुरुआत 1970 से हुई थी। 23 जुलाई से 26 जुलाई 2026 तक इसका आयोजन होगा। पहले दिन ही यहां 'रामायण' की पहली झलक देखने को मिलेगी। फिल्म के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा, डायरेक्टर नितेश तिवारी के अलावा मुख्य सितारे रणबीर कपूर और यश फर्स्ट लुक पेश करेंगे। यह खबर ऐसे समय में आई है, जब कुछ दिन पहले ही ऐसी खबरें आई थीं कि मेकर्स 18 जुलाई को नई दिल्ली में फिल्म का जबर्दस्त ट्रेलर लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं। फिल्म 'रामायण' मेगा बजट फिल्म है, जिसे करीब 4000 करोड़ रुपये की लागत के साथ बनाया जा रहा है। रणबीर कपूर इसमें भगवान राम की भूमिका अदा कर रहे हैं, वहीं साई पल्लवी को माता सीता के रोल में देखा जाएगा। यश रावण का किरदार निभाते दिखेंगे। वहीं, सनी देओल प्रभु हनुमान की भूमिका में होंगे। इस फिल्म में रकुल प्रीत सिंह, कुणाल कपूर, लारा दत्ता, अरुण गोविल और शीबा चड्ढा जैसे सितारे भी हैं। फिल्म दो हिस्सों में रिलीज होगी। पहला हिस्सा इस साल दिवाली पर आएगा और दूसरा हिस्सा अगले साल दिवाली पर दस्तक देगा।



एक प्रेम कहानी नहीं, बल्कि मानवीय कमजोरियों और बदलते सामाजिक मूल्यों का ऐसा जीवंत आईना है

# 9 भाषाएं, 24 फिल्में, सिनेमा में 98 साल पुराना और गहरा है देवदास का इतिहास

*मुंबई । स्व. शरत चंद्र चट्टोपाध्याय का कालजयी उपन्यास देवदास एक शताब्दी से भारतीय सिनेमा की धड़कन बना हुआ है। संदीप भूतोड़िया के अनुसार यह सिर्फ एक प्रेम कहानी नहीं, बल्कि मानवीय कमजोरियों और बदलते सामाजिक मूल्यों का ऐसा जीवंत आईना है जो हर पीढ़ी को अपना सा लगता है।*

### सिनेमा में साहित्य

भारतीय साहित्य की बहुत कम कृतियों को सिनेमा की दुनिया में ऐसा जादुई और असाधारण जीवन मिला है, जैसा शरत चंद्र चट्टोपाध्याय के कालजयी उपन्यास देवदास को मिला। वर्ष 1917 में प्रकाशित यह लघु उपन्यास एक युवा जमींदार के बेटे देवदास की कहानी कहता है। देवदास का अपने बचपन के प्यार पार्वती (पारो) के साथ रिश्ता पारिवारिक घमंड और कठोर सामाजिक रूढ़ियों की भेंट चढ़ जाता है।

### देवदास की कहानी

अपनी दुविधा और भावनात्मक कमजोरी के कारण देवदास पारो को एक अधिक अमीर परिवार में ब्याहे जाते हुए देखता है। इसके बाद शराब की लत में डूबकर वह तवायफ चंद्रमुखी के संपर्क में आता है, जिसकी सच्ची सहानुभूति देवदास की जीवन से भागने की लाचारी से बिल्कुल अलग दिखती है। यह कहानी भारतीय साहित्य के सबसे दर्दनाक मोड़ पर खत्म होती है, जहां देवदास आखिरी बार पारो से मिले बिना उसके घर के बाहर दम तोड़ देता है।




### हिंदी में सहगल को किया कास्ट

इसकी भारी सफलता के बाद उन्होंने अगले ही वर्ष इसे हिंदी में बनाया और के.एल. सहगल को कास्ट किया। सहगल के अभिनय और अमर गानों ने पूरे भारत में देवदास को अमर कर दिया। बरुआ ने बाद में इसका असमिया संस्करण भी बनाया, जिससे यह भारतीय सिनेमा के शुरुआती बहुभाषी प्रोजेक्ट्स में से एक बना। बरुआ ने अकेले ट्रेन का सफर और बंद दरवाजों के बाहर मौत जैसे दृश्यों से एक ऐसा विजुअल ढांचा तैयार किया, जिसे बाद के निर्देशक हमेशा दोहराते रहे।

### 24 फिल्में अब तक बनी हैं देवदास उपन्यास पर

9 से ज्यादा भारतीय भाषाओं में पर्दे पर उतरी है देवदास की कहानी। यह हैं हिंदी, बंगाली, तेलुगु, तमिल,मलयालम, असमिया, भोजपुरी, ओड़िया और उर्दू। अकेले निर्देशक पी.सी. बरुआ ने ही 3 अलग भाषाओं (बंगाली, हिंदी, असमिया) में इस पर तीन फिल्में बनाईं। 3 अन्य देशों (पाकिस्तान, बांग्लादेश और सिंगापुर) में भी देवदास पर फिल्में बनी हैं।

### दुनिया के सामने भव्य प्रदर्शन

वर्ष 2002 में संजय लीला भंसाली की देवदास के साथ इस कहानी में एक बहुत बड़ा और नाटकीय बदलाव देखने को मिला। शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय और माधुरी दीक्षित के अभिनय से सजी इस फिल्म ने यथार्थवाद को पूरी तरह छोड़कर एक भव्य और ओपेरा जैसी नाटक शैली को अपनाया। आलीशान सेट, चमचमाते महंगे कपड़े और गानों के भव्य दृश्यों ने शरत चंद्र की इस भावुक और शांत त्रासदी को एक विशाल सिनेमाई उत्सव में बदल दिया। कान फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर के बाद इस फिल्म को वैश्विक पहचान मिली और दुनिया भर के दर्शकों ने देवदास को जाना। जहां पुरानी शैली के आलोचक इसके भारी तड़क-भड़क पर सवाल उठा रहे थे, वहीं भंसाली ने यह साबित कर दिया कि कहानी की मूल आत्मा को खोए बिना इसे नए युग की भव्यता के साथ पेश किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### हाइवा ने पिकअप को मारी टक्कर, चालक फरार

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार हाइवा की टक्कर से मुर्गी लोड पिकअप वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में पिकअप चालक और उसका साथी घायल हो गए। घटना के बाद हाइवा चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बलरामपुर जिले के ग्राम चन्द्रनगर निवासी सैमुद्दीन अंसारी पिछले एक माह से प्रदीप सरकार की बोलेरो पिकअप क्रमांक यूपी 64 सीटी 8487 चला रहा है। 10 जुलाई की रात करीब 2 बजे वह रायगढ़ से बॉयलर मुर्गी लोड कर अपने साथी मिथुन राय के साथ तातापानी बलरामपुर जा रहा था। इसी बीच सुबह करीब 5 बजे ग्राम कुडुमकेला-डुमरपाली के पास सामने से आ रहे हाइवा (CG 15 EE 3087) के चालक ने कथित रूप से तेज एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद हाइवा चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में सैमुद्दीन अंसारी के दोनों हाथ और बाएं पैर में चोटें आईं, जबकि उसके साथी मिथुन राय के होंठ, सीने और कमर में चोट लगी। राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घरघोड़ा पुलिस ने फरार हाइवा चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर दुर्घटना करने का अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गाली देने के शक में युवक से मारपीट

**रायगढ़।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में गाली देने के शक में एक मोबाइल कारोबारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। शराब के नशे में युवक घर पहुंचा, गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्कों से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, यश बंसल निवासी ढिमरापुर रोड स्थित एकार्ड होटल के सामने अपने परिवार के साथ रहते हैं। केवड़ाबाड़ी चौक, इंदिरानगर रोड पर उनकी न्यू मोबाइल वर्ल्ड नाम से मोबाइल की दुकान है। 10 जुलाई की रात करीब 9:30 बजे राजा देवता उनके घर पहुंचा और एक दिन पहले रात में गाली देने का आरोप लगाने लगा। यश बंसल ने आरोप से इनकार किया तो राजा देवता गाली-गलौज करते हुए वहां से चला गया। अगले दिन 11 जुलाई की दोपहर करीब 1:30 बजे राजा देवता शराब के नशे में फिर उनके घर पहुंचा और गाली देने की बात को लेकर विवाद करने लगा। उसने यश बंसल और उनके पिता के साथ अश्लील गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और यश बंसल के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट कर दी।

### पास आमने-सामने भिड़े दो ट्रक दोनों पक्षों पर अपराध दर्ज

**रायगढ़।** छाल थाना क्षेत्र में ग्राम हाटी और पुरूगा के बीच निर्माणाधीन ओवरब्रिज के पास दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों ट्रकों के चालक घायल हो गए, जबकि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के चालक पर तेज व लापरवाही से वाहन चलाकर दुर्घटना करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों शिकायतों पर अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार 9 जुलाई की तड़के करीब 3:15 बजे ग्राम हाटी और पुरूगा के बीच निर्माणाधीन ओवरब्रिज के पास 16 चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 08 एडब्ल्यू 9977 और 14 चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीसी 2471 की आमने-सामने टक्कर हो गई। 16 चक्का ट्रक का चालक बालौदाबाजार-भाटापारा जिले के ग्राम खरवे निवासी भालचंद साहू अकलतरा से सीमेंट लोड कर जशपुर के सन्ना जा रहा था।

## पृष्ठ 1 का शेष

### तमता में 16 को ...

के दर्जनों गांवों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। 16 जुलाई को होने वाले इस मुख्य आयोजन में भी हजारों भक्तों के जुटने की संभावना है, जिसे देखते हुए मंदिर समिति व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में जुटी है। मेले को लेकर स्थानीय व्यापारियों और दुकानदारों में भी खासा उत्साह है, जो झूले, मिठाई और खिलौनों की दुकानें सजाने की तैयारी कर रहे हैं।

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की बोरी का वजन कम, अब ईओडब्ल्यू करेगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए उपयोग की गई बारदाने की कम वजन को लेकर ईओडब्ल्यू से शिकायत की गई थी। इसकी जांच अब चालू हो गई है। राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण एवं एंटी करप्शन ब्यूरो ने संबंधित विभाग से जानकारी मांगी है। शिकायत को लेकर की गई कार्रवाई से इस कार्यालय को अवगत कराने कहा गया है।

दरअसल यह शिकायत रायगढ़ बचाओ लड़ेंगे रायगढ़ के विनय शुक्ला ने जिला विपणन कार्यालय के खिलाफ की गई है।

**विभाग ही करेगा जांच और कार्रवाई, प्रतिवेदन के बाद ईओडब्ल्यू की शुरु होगी जांच**



इसमें बीते 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए खरीदी की गई बारदाना मानक स्तर से कम वजन और स्तरहीन होने की शिकायत की गई है। इसमें करोड़ों की गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की गई है। उनके द्वारा बीते 8 सालों में बारदाना घोटाले की जांच के संबंध में शिकायत की गई है। ईओडब्ल्यू ने इस शिकायत को संबंधित विभाग के सचिव को भेजी गई है। विभाग से इस शिकायत के संबंध में की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी गई है।

**समिति प्रबंधकों ने की थी शिकायत**

बारदाने की वजन को लेकर रायगढ़ जिले के कई समिति प्रबंधकों ने शिकायत की थी। यह काफी गंभीर मामला था। बोरी की वजन कम होने से किसानों से धान ज्यादा लिया गया। इसकी भी कई बार शिकायत की गई, लेकिन जांच नहीं हुई। अब इसकी जांच ईओडब्ल्यू करेगी। इसमें क्या कुछ सामने आएगा यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा।

### कलेक्टर ने की ग्राम पंचायतों में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा

# पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाएं योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ

**समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में ग्राम पंचायतों में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की प्रत्येक योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे और क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार उपस्थित रहे। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत संचालित योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने जिले में निर्माणाधीन शेष आंगनबाड़ी भवनों का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।



उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत स्वीकृत आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत लंबित ई-केवाईसी कार्य को अभियान चलाकर शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित सभी बच्चों की अपार आईडी अनिवार्य रूप से बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे बच्चों का डिजिटल शैक्षणिक रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा तथा भविष्य में उनकी शैक्षणिक प्रगति का आकलन करने एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने में सुविधा होगी। इसके साथ ही कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों का शत-प्रतिशत आभा आईडी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आभा आईडी बनने से स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रहते हैं तथा टीकाकरण, उपचार, सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों और विभिन्न स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा मिलने में आसानी होगी।

**श्रमिक कार्ड की जानकारी का कराएं सत्यापन**

कलेक्टर श्री व्यास ने बताया कि जिले में पंजीकृत श्रमिकों के हितों की सुरक्षा, पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक एवं पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आधार आधारित ई-केवाईसी प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिलेभर में विशेष शिविर आयोजित कर पंजीकृत श्रमिकों को ई-केवाईसी की प्रक्रिया की जानकारी दें तथा उनके श्रमिक पंजीयन से संबंधित आवश्यक संशोधन भी किए जाएं। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी के माध्यम से श्रमिकों का अद्यतन एवं सत्यापित डाटा उपलब्ध होगा, जिससे पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से मिल सकेगा। इसके अलावा उन्होंने श्रमिक कल्याण योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, विशेष पंजीयन शिविर आयोजित करने तथा अधिक से अधिक श्रमिकों को योजनाओं से जोड़ने के लिए अभियान चलाने को कहा।



# पंजीकृत श्रमिकों के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग के अंतर्गत संचालित छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल तथा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिकों के हितों की सुरक्षा, पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आधार आधारित ई-केवाईसी प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है।

कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने संबंधित अधिकारियों को जिले में शिविर आयोजित कर श्रमिकों को ई-केवाईसी प्रक्रिया की जानकारी देने तथा उनके पंजीयन संबंधी आवश्यक संशोधन करने के निर्देश दिए हैं। ताकि कोई भी पात्र श्रमिक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। जिला श्रम अधिकारी ने बताया कि ई-केवाईसी प्रारंभ होने से पहले पंजीकृत श्रमिकों के रिकॉर्ड को आधार कार्ड के अनुरूप अद्यतन किया जाएगा। इसके लिए जिले के सभी विकासखंडों में विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में श्रमिकों के पंजीयन कार्ड में दर्ज नाम, जन्मतिथि, लिंग, मोबाइल नंबर सहित अन्य आवश्यक विवरणों का आधार कार्ड के अनुसार संशोधन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत सभी पंजीकृत श्रमिकों को अपने मूल आधार कार्ड के साथ निर्धारित शिविर स्थल अथवा निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर में उपस्थित होना होगा। वहां सीएससी संचालक (वीएलई ऑपरेटर) द्वारा श्रमिक की पहचान का सत्यापन कर श्रम विभाग के रजिस्ट्रेशन अपडेटेशन मॉड्यूल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सत्यापन उपरांत श्रमिकों की जानकारी आधार कार्ड में उपलब्ध प्रमाणित विवरण के अनुरूप अद्यतन की जाएगी। इस प्रक्रिया के अंतर्गत श्रमिकों के हिंदी एवं अंग्रेजी में नाम, जन्मतिथि, लिंग तथा मोबाइल नंबर जैसे महत्वपूर्ण विवरणों का संशोधन किया जाएगा। इससे श्रमिकों का डाटाबेस अधिक सटीक एवं अद्यतन होगा, जिससे भविष्य में आधार आधारित ई-केवाईसी और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वितरण अधिक पारदर्शी एवं सुगम हो सकेगा। संशोधन आवेदन के लिए आधार कार्ड की स्पष्ट प्रति, श्रमिक का सहमति पत्र, ई-साइन तथा मोबाइल ओटीपी प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। लाभार्थी की वास्तविक पहचान सुनिश्चित करने के लिए आवेदन प्रक्रिया के दौरान श्रमिक की लाइव फोटो भी कैप्चर की जाएगी। आवेदन सफलतापूर्वक जमा होने के बाद प्रत्येक हितग्राही को एक विशिष्ट आवेदन क्रमांक प्रदान किया जाएगा, जिसके माध्यम से आवेदन की स्थिति का ऑनलाइन पता लगाया जा सकेगा। श्रम विभाग ने जिले के सभी पंजीकृत श्रमिकों से अपील की है कि वे निर्धारित समयावधि के भीतर अपने अभिलेखों का सत्यापन एवं आवश्यक संशोधन अवश्य करा लें, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की असुविधा के बिना शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सके। अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए श्रमिक जिला श्रम कार्यालय, जनपद पंचायतों में संचालित श्रम संसाधन केंद्र, निकटतम चॉइस सेंटर (सीएससी) अथवा लोक सेवा केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

> ■ कोई भी पात्र श्रमिक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रह

# ढाई साल बाद भी नहीं बदली सरकारी होर्डिंग्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

बिलाईगढ़ नगर के मुख्य प्रवेश द्वार पर लगी सरकारी होर्डिंग्स एक बार फिर चर्चा में आ गया है। आश्चर्यजनक स्थिति यह है कि राज्य में सरकार बदले लगभग ढाई वर्ष बीत चुका है, लेकिन होर्डिंग्स पर पूर्व मुख्यमंत्री की तस्वीर लगी हुई है। इतना ही नहीं, बिलाईगढ़ को आज भी जिला बलौदाबाजार दर्शाया गया है, जबकि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला बने लगभग चार वर्ष हो चुके हैं। होर्डिंग्स पर पूर्व विधायक एवं नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष की तस्वीरें भी अब तक नहीं हटाई गई हैं।

नगर पंचायत में कई प्रशासनिक एवं राजनीतिक परिवर्तन होने के बावजूद सूचना पट्ट और स्वागत द्वार अद्यतन नहीं किए गए हैं। इससे प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सरकारी प्रचार प्रसार पर करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं, तो सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शित सूचनाओं को समय समय पर अद्यतन करना भी संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है। ऐसे में यह




स्पष्ट नहीं है कि इसकी जिम्मेदारी नगर पंचायत, लोक निर्माण विभाग जिला प्रशासन, नगरीय प्रशासन विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग या जनसंपर्क विभाग में से किसकी है। नगरवासियों का कहना है कि चुनाव आचार संहिता के दौरान राजनीतिक व्यक्तियों के चित्रों को ढंकने और हटाने की कार्रवाई की जाती है, लेकिन चुनाव समाप्त होने के बाद भी वर्षों तक पुराने जनप्रतिनिधियों की तस्वीरें और गलत प्रशासनिक जानकारी प्रदर्शित होना गंभीर लापरवाही का संकेत है।

# कथित चढ़ावा चोरी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**जशपुरनगर।** अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे और दान राशि के प्रबंधन को लेकर सामने आई कथित वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में सोमवार को कांग्रेस ने कुनकुरी में प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित इस प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जय स्तंभ चौक पर एकत्र होकर केंद्र सरकार और मंदिर ट्रस्ट की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए तथा मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

दोपहर 12 बजे शुरू हुए प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की और कहा कि भगवान श्रीराम केवल किसी एक दल या संगठन की नहीं, बल्कि देश के करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं। ऐसे में श्रीराम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाई गई राशि के प्रबंधन को लेकर यदि किसी प्रकार की अनियमितता के आरोप सामने आते हैं तो उनकी पारदर्शी और निष्पक्ष जांच होना आवश्यक है। सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष यूडी मिंज ने कहा कि देशभर के श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था, विश्वास और मेहनत की कमाई से मंदिर निर्माण एवं चढ़ावे में योगदान दिया है। इसलिए मंदिर से जुड़े आर्थिक मामलों में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखना संबंधित प्रबंधन की जिम्मेदारी है। प्रदर्शन में ताहिर अली, मनोज सागर यादव, महेश त्रिपाठी, दिलीप जैन, अंजना मिंज, सरवर अली, इमिरयुष लकड़ा, कालिस्ता तिर्की, वाल्टर कुजूर, रॉबर्ट एक्का, दीपक केरकेट्टा, इरफान खान, रवि यादव, विजय यादव, अरशद हुसैन, अजेम टोप्पो, अयूब खान, आशीष सतपति, राहुल नायक, आशीष महापात्रा, कुबेर यादव, मनोज यादव, अल्मा लकड़ा, सुषमा कुजूर, उर्मिला, फारूख खान, प्रमोद लकड़ा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।







# महिला पर डंडे से हमला, अपराध दर्ज

**रायगढ़।** कापू थाना क्षेत्र में खेत की मेड़ पर सब्जी लगाने को लेकर हुए विवाद में महिला और उसके पति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। विवाद के दौरान महिला के सिर पर बांस के डंडे से हमला किया गया, जबकि बीच-बचाव करने आए उसके पति से भी मारपीट की गई।

पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम सोनपुर देरपानी निवासी शकुंतला यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पति रोहित कुमार वर्ष 2018 से गांव की एक शासकीय भूमि पर कब्जा कर खेती-बाड़ी और निवास कर रहे हैं। 11 जुलाई की सुबह करीब 9 बजे उनके खेत की मेड़ पर मकुंदो यादव, निधिराम यादव, गुलचंद यादव और मनोहर यादव सब्जी लगा रहे थे। इस पर रोहित कुमार ने उन्हें ऐसा करने से मना किया। इसी बात से नाराज होकर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। गुलचंद यादव ने बांस के डंडे से शकुंतला यादव के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसे चोट आई। वहीं बीच-बचाव करने पहुंचे उसके पति रोहित कुमार के साथ भी मनोहर यादव और मकुंदो यादव ने हाथ-मुक्कों से मारपीट की।

### मिडिल स्कूलों में बाल संसद चुनाव सम्पन्न, पीएम सहित पांच पदों के लिए मतदान

# पीएम उम्मीदवार को मिला डस्टर चुनाव चिन्ह, मिली जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विकासखंड रायगढ़ के पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में बच्चों को लोकतंत्र की कार्यप्रणाली से व्यवहारिक रूप से परिचित कराने के उद्देश्य से एक जुलाई से संचालित बाल संसद गठन प्रक्रिया का शनिवार को गुप्त मतदान के साथ सफल समापन हुआ।

विद्यालयों में लोकतंत्र का उत्सव देखने को मिला, जहां विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रधानमंत्री सहित पाँच प्रमुख पदों के लिए अपने प्रतिनिधियों का चयन किया। बाल संसद के गठन के लिए प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री,



स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री, पर्यावरण एवं संस्कृति मंत्री तथा खेल मंत्री के पदों पर मतदान कराया गया। चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह लोकतांत्रिक स्वरूप देने के लिए प्रत्याशियों को पुस्तक, कलम, डस्टर, थर्मस सहित विभिन्न चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए। मतदान से पूर्व प्रत्याशियों ने अपने घोषणा पत्र प्रस्तुत करते हुए विद्यालय में अनुशासन, स्वच्छता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने जैसे संकल्प विद्यार्थियों के समक्ष रखे। मतदान के दौरान विद्यालयों में वास्तविक चुनाव जैसा वातावरण देखने को मिला। प्रधान पाठक एवं शिक्षक निर्वाचन आयोग की भूमिका निभाते हुए पूरी प्रक्रिया को निष्पक्षए पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराते रहे। चुनाव की पारदर्शिता और सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के लिए संकुल शैक्षणिक समन्वयक तथा संकुल प्राचार्य भी विभिन्न विद्यालयों में उपस्थित रहकर सतत निगरानी करते रहे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय पटेल ने कहा कि बाल संसद केवल प्रतिनिधियों के चयन की प्रक्रिया नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व, संवाद कौशल तथा सामूहिक निर्णय लेने की समझ विकसित करने का सशक्त माध्यम है। इस पूरी प्रक्रिया के माध्यम से बच्चों ने लोकतंत्र को केवल पुस्तकों में पढ़ा ही नहींए बल्कि उसे व्यवहार में भी आत्मसात किया। बीआरसीसी मनोज अग्रवाल ने बाल संसद चुनाव के सफल आयोजन पर सभी प्रधान पाठकों, शिक्षकों, संकुल शैक्षणिक समन्वयकों एवं संकुल प्राचार्यों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालयों में इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों को जिम्मेदार, जागरूक और सक्रिय नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करती हैं।

